स्वटि्जरलैंड की तर्ज पर लखनऊ में बनेगी आधुनकि गौशाला

चर्चा में क्यों

20 दसिंबर, 2023 को लखनऊ के महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सहि ने बताया कि उत्तरधौना गांव में स्वटि्जरलैंड की तर्ज पर एक नई गोशाला बनाई जाएगी।

प्रमुख बदिु

- वदिति हो कि लखनऊ नगर नगिम कार्यकारणिी की बैठक में इसका प्रस्ताव पास कयिा गया। वहीं नगर नगिम की शूटगि रेंज को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने समेत 13 प्रस्ताव पास हुए।
- उत्तर प्रदेश सरकार की गो पर्यटन नीति के तहत 10 हेक्टेयर जमीन पर इसका वकिास कयिा जाएगा। इसपर 32.63 करोड़ रुपए खर्च कएि जाएंगे। इस गोशाला का नाम 'मनोरथा' गोशाला होगा। यहां पर करीब दो हज़ार गायें रखी जा सकेंगी।
- इस गोशाला में गायों को बांधकर नहीं रखा जाएगा। ज्यादा से ज्यादा खुला क्षेत्र रहेगा, जसिमें वे टहल-टहलकर चर सकेंगी। गोशाला में दुधारू गायें ही रखी जाएंगी। गोशाला में भारतीय संस्कृति की झलक दखिेगी।
- गायों को गोशाला में प्राकृतकि माहौल दयिा जाएगा। पूरा मैदान कच्चा रहेगा। वहीं उनके चरने के लएि खेत होगा। इससे गायें जो गोबर करेंगी, उसको उठाने की भी जरूरत नहीं होगी। गोबर उसी मैदान में सूखकर खाद बन जाएगा।
- गोशाला को इस तरह से वकिसति कयिा जाएगा ताकि यह पर्यटन का भी केंद्र बने। इसके लएि गाय संग्रहालय एवं गोदान स्थल बनाया जाएगा। अन्नपूर्णा भोजनालय, पाथवे, पार्कगि, लैंडस्केपगि की व्यवस्था की जाएगी। कर्मचारी आवास, पशु चकित्सालय और सीवरेज-ड्रेनेज का भी काम कराया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/modern-cow-shed-will-be-built-in-lucknow-on-the-lines-of-switzerland